# आपका स्क्रीनिंग मैमोग्राम हो गया, अब आगे क्या होगा?

## यह महत्त्वपूर्ण स्वास्थ्य जाँच करवाने के लिए आपको बधाई!

आपके मैमोग्राम के चित्रों का विश्लेषण दो विकिरण-चिकित्सक (रेडियोलॉजिस्ट) करेंगे। इस बात की पूरी कोशिश की जाएगी कि आपके परिणाम दो सप्ताह के अंदर डाक द्वारा या इलेक्ट्रोनिक तरीके से भेज दिए जाएँ। इनकी एक प्रति आपके द्वारा नामांकित जी पी को भी भेजी जाती है सिवाय उस स्थिति में जब आप इसके लिए मना करती हैं।

आपकी सहमति से आपके मैमोग्राम के परिणाम आपके माइ हैल्थ रिकॉर्ड में भी शामिल किए जाएँगे।

यदि आपको किसी तरह की चिंता है तो आप हमारी वैबसाइट www.breastscreen.health.wa.gov.au पर जा सकती हैं या हमें (08) 9323 6700 पर या दूर-दराज़ के क्षेत्रों से नि:शुल्क 1800 800 033 पर फ़ोन कर सकती हैं।

## यदि मुझे दोबारा एक्स-रे करवाने पड़े तो?

बहुत कम मामलों में तस्वीर स्पष्ट न दिखाई देने के कारण विकिरण-चिकित्सक दोबारा एक्स-रे करवाने के लिए कहते हैं। यदि ऐसा करना आवश्यक है तो आपसे फ़ोन पर संपर्क करके या पत्र द्वारा दोबारा आने को कहा जाएगा। दोबारा एक्स-रे स्क्रीनिंग क्लीनिक में ही किए जाते हैं।

## यदि मुझे स्तनों के और एक्स-रे करवाने पड़े तो?

20 में से लगभग 1 महिला को स्तनों के और अधिक एक्स-रे करवाने के लिए फिर से बुलाया जाता है। ये एक्स-रे स्तन के उस भाग के किए जाते हैं जिसे और विस्तार से देखना आवश्यक है। यदि ऐसा करना आवश्यक है तो ब्रेस्टस्क्रीन डब्ल्यू ए आपसे संपर्क करके मिलने का समय निश्चित करेगा।

### महानगरीय क्षेत्रों में रहने वाली महिलाएँ

महानगरीय क्षेत्रों में और अधिक एक्स-रे ब्रेस्टस्क्रीन डब्ल्यू ए के किसी ब्रेस्ट असेसमेंट सेंटर में किए जाएँगे जो फियोना स्टेनली, रॉयल पर्थ और सर चार्ल्स गार्डनर अस्पताल में हैं। अक्सर और एक्स-रे यह दर्शाते हैं कि कोई समस्या नहीं है। बहुत कम महिलाओं को अल्ट्रासाउंड या बायोप्सी जैसे कुछ अन्य परीक्षण करवाने की आवश्यकता होती है। ये परीक्षण उसी दिन किए जाते हैं जिस दिन और एक्स-रे लिए जाते हैं।

### डब्ल्यू ए के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली महिलाएँ

ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली महिलाओं के और अधिक एक्स-रे मोबाइल सेवा द्वारा लिए जाते हैं। यदि कुछ अन्य परीक्षण करवाने की आवश्यकता है तो ब्रेस्टस्क्रीन डब्ल्यू ए आपसे संपर्क करके आपको बताएगा।

बनबरी साउथ वेस्ट हैल्थ कैम्पस में एक स्थायी क्षेत्रीय स्क्रीनिंग और असेसमेंट सेंटर है।

## यह याद रखना महत्त्वपूर्ण है कि जिन महिलाओं के और परीक्षण किए जाते हैं, उनमें से अधिकांश को कैंसर नहीं होता

जिन महिलाओं को और परीक्षणों की आवश्यकता है, उन सब के पास यह विकल्प है कि उनका हमारे किसी ब्रेस्ट असेसमेंट सेंटर से सीधा संपर्क करवा दिया जाए या वे अपने जी पी से मिलें। ब्रेस्ट असेसमेंट सेंटर में किए जाने वाले सभी परीक्षणों के परिणाम साथ-साथ मिल जाते हैं, सिवाय बायोप्सी के पूरे परिणाम जो कि 24 घंटे बाद मिलते हैं।

बहुत कम महिलाओं में कैंसर पाया जाता है और जल्दी पता लग जाने से उसके सफल इलाज़ की संभावना बहुत बढ़ जाती है। छोटे स्तन कैंसर अक्सर छोटी शल्य-चिकित्सा से ठीक किए जा सकते हैं जबकि बड़े कैंसरों के लिए बड़ी शल्य-चिकित्सा की आवश्यकता होती है।

### क्या मैमोग्राम से सभी कैंसरों का पता लग जाता है?

स्क्रीनिंग मैमोग्राम में 70-90% तक स्तन के कैंसरों का पता लग जाता है। लेकिन थोड़े से ऐसे कैंसर हैं जो मैमोग्राम में दिखाई नहीं देते। इस बात की थोड़ी संभावना रहती है कि मैमोग्राफ़ी कैंसर के कारण हुए किसी परिवर्तन को नहीं देख पाएगी (कैंसर नहीं है, ऐसा ग़लत परिणाम) या किसी ऐसे परिवर्तन को लेकर और परीक्षण किए जाएँगे जो स्तन के कैंसर से संबंधित नहीं है (कैंसर है, ऐसा ग़लत परिणाम)।

यदि आप अपने स्तनों में कोई असामान्य परिवर्तन देखें जैसे कोई गाँठ, निपल से स्राव या स्तन में नए प्रकार का लगातार दर्द, तो कृपया अपने जी पी से शीघ्र संपर्क करें, चाहे आपके पिछले मैमोग्राम में स्तन कैंसर का अंदेशा बिलकुल भी नहीं था। अक्सर मैमोग्राम में अहानिकारक परिवर्तन, जैसे कि सिस्ट, देखे जाते हैं, लेकिन इनकी जानकारी आपकी रिपोर्ट में तभी शामिल की जाती है जब आपको और परीक्षण करवाने की आवश्यकता है।

## अब आगे क्या होगा?

ब्रेस्टस्क्रीन डब्ल्यू ए आपको आपके अगले मैमोग्राम का समय आने पर एक पत्र भेजेगा। यदि किसी कारणवश आपको यह पत्र नहीं मिलता है तो कृपया हमें 13 20 50* पर फ़ोन करें और हम आपके लिए मिलने का समय नियत कर देंगे।

आपने इस कार्यक्रम के अंतर्गत जो मैमोग्राम अभी करवाए हैं, उन्हें संभाल कर रखा जाएगा ताकि भविष्य में आपके स्तनों की स्क्रीनिंग की तुलना उनसे की जा सके।

75 वर्ष या इससे अधिक आयु की महिलाओं को कोई स्मरण-पत्र नहीं भेजा जाता पर वे ऑनलाइन बुकिंग कर सकती हैं या 13 20 50* पर फ़ोन करके मिलने का समय ले सकती हैं।

यदि आपके पते में कोई परिवर्तन होता है तो कृपया 13 20 50* पर फ़ोन करके हमें सूचित करें।

दुभाषिए के लिए कृपया 13 14 50 पर फ़ोन करें।

(*स्थानीय कॉल के शुल्क पर)

## मुझे और क्या करना होगा?

**50 वर्ष या इससे अधिक आयु की महिलाएँ हर दो वर्ष बाद एक नि:शुल्क स्क्रीनिंग मैमोग्राम करवा सकती हैं।**

- यदि आप नियमित रूप से स्क्रीनिंग करवाती हैं तो जिस भी कैंसर का पता चलेगा, प्राय: वह शुरुआती चरण में ही होगा।
- केवल 1–5% महिलाओं को उनके परिवार में स्तनों के कैंसर के उल्लेखनीय इतिहास के कारण हर वर्ष स्क्रीनिंग मैमोग्राम करवाना पड़ सकता है।
- यदि आपको पहले स्तन का कैंसर हो चुका है तो यह महत्त्वपूर्ण है कि आप नियमित रूप से अपने जी पी से मिलें और हर वर्ष स्क्रीनिंग मैमोग्राम करवाती रहें।

### अपने स्तनों का ध्यान रखें

- अपने स्तनों पर ध्यान दें कि वे सामान्य तौर पर कैसे होते हैं। शीशे में अपने स्तनों को देखें और समय-समय पर उँगलियों से स्पर्श करके उनकी जाँच करें।
- यदि आप अपने स्तनों में कोई असामान्य परिवर्तन देखें तो अपने जी पी से तुरंत मिलें।
- अगली बार जब आप चेक-अप के लिए जाएँ तो अपने जी पी से स्तनों के स्वास्थ्य के बारे में पूछें।

### जिन परिवर्तनों की उपेक्षा नहीं करनी चाहिए, उनमें शामिल हैं:

1. स्तन या बगल में कोई गाँठ, स्थूलता या मोटापन;
2. निपल में कोई परिवर्तन जैसे कि उनका स्तन के अंदर धँस जाना, उनसे किसी नए प्रकार का स्राव, उनकी त्वचा पर घाव या खुजली होना;
3. स्तन की त्वचा में कोई परिवर्तन, जैसे कि उसमें गड्ढे पड़ना, पित्तिकाएँ या लाली;
4. स्तन का कोई क्षेत्र जो स्तन के बाक़ी भाग से अलग महसूस होता है;
5. स्तन में लगातार होने वाला कोई नया दर्द।

## क्या आप कुछ प्रश्न पूछना चाहती हैं?

अपने जी पी से संपर्क करें या फ़ोन करें: ब्रेस्टस्क्रीन डब्ल्यू ए को - मिलने का समय नियत करने के लिए 13 20 50 पर, या जानकारी के लिए (08) 9323 6700 पर, या ग्रामीण महिलाओं के लिए नि:शुल्क 1800 800 033 पर
ई-मेल: breastscreenwa@health.wa.gov.au
नेशनल रिले सर्विस www.relayservice.gov.au
ट्रांसलेटिंग एंड इंटरप्रेटिंग सर्विस (अनुवाद और दुभाषिया सेवा, टिस) (TIS) 13 14 50

**आपकी भाषा में और अधिक जानकारी ब्रेस्टस्क्रीन डब्ल्यू ए की वैबसाइट पर उपलब्ध है:**
www. breastscreen.health.wa.gov.au/Breast-screening/Multicultural-women

BreastScreen AUSTRALIA
A joint Australian, State and Territory Government Program

BEAT BREAST CANCER
HAVE A FREE X-RAY
RING: 13 20 50

LIKE US ON facebook

**www.breastscreen.health.wa.gov.au**

MAY 2020